# मोकामा से मुंगेर ग्रीनफील्ड फोरलेन एनएच के अलाइनमेंट को केंद्र ने दी मंजूरी, तीन जिले के 89 गांवों से होकर गुजरेगी सड़क

संवाददाता, पटना

**मोकामा** से मुंगेर ग्रीनफील्ड फोरलेन एनएच-80 (नया एनएच-33) के अलाइनमेंट को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर दी है. यह सड़क प्रस्तावित बक्सर से मिर्जाचौकी फोरलेन एक्सप्रेसवे का हिस्सा है. अधिसूचना के तहत मुंगेर से मोकामा तक 81 किमी लंबाई में यह सड़क पटना, लखीसराय और मुंगेर यानी तीन जिलों के 89 गांवों से होकर गुजरेगी. इन गांवों में सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण होगा. इसके लिए प्राधिकारी तय कर दिया गया है.



बक्सर से मिर्जाचौकी प्रस्तावित फोरलेन एक्सप्रेसवे में से बक्सर से पटना फोरलेन एनएच की लंबाई 120 किमी है. इसमें दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण की प्रक्रिया चल रही है. पटना से मोकामा एनएच की लंबाई करीब 85 किमी है. इसका निर्माण लगभग पूरा है. अगले खंड में मोकामा से मुंगेर तक 81 किमी लंबाई में निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. साथ ही मुंगेर-भागलपुर-मिर्जाचौकी फोरलेन एनएच 124 किमी लंबाई में सितंबर 2025 तक निर्माण पूरा होने की संभावना है. इस तरह बक्सर से मिर्जाचौकी तक 410 किमी लंबाई में एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है.

## इन जिलों से गुजरेगी

- **पटना (लंबाई 8.4 किमी) :** घोसवरी तालुक में तीन गांव व मोकामा तालुक में तीन गांव.
- **लखीसराय (लंबाई 57.9 किमी) :** बरहिया तालुक में 11 गांव, पिपरिया में चार, सूरजगढ़ा में 26, लखीसराय में 17 और चानन तालुक में नौ गांव हैं.
- **मुंगेर (लंबाई 14.7 किमी) :** जमालपुर तालुक में 14 और धरहरा तालुक में दो गांव.